तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 जमकर उड़े रंग-गुलाल, मस्ती में डूबे रहे लोग

## खबर संक्षेप

### शशिभूषण बने सीएमओ



**चरचा कॉलरी।** छग शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा नगरीय निकायों में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से अधिकारियों की पदोन्नति और पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में पदस्थ सहायक ग्रेड 02 शशिभूषण कुमार श्रीवास्तव को पदोन्नत कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें सिमगा नगर पालिका की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विदित हो कि शशिभूषण नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कार्यालयीन कार्यों के साथ-साथ प्रशासनिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी और कार्यकुशलता के कारण वे कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में पहचाने जाते रहे हैं। नगर पालिका से जुड़े जानकारों का मानना है कि श्री श्रीवास्तव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनने से विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्था में और अधिक गति आएगी।

### वृद्ध ने लगाई फांसी

**सोनहत।** मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम विक्रमपुर में होली के दिन एक वृद्ध द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी राजाराम राजवाड़े पिता जीवनलाल (60 वर्ष) ने 4 मार्च की रात अपने घर के पीछे स्थित महुआ पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी 5 मार्च की सुबह मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वृद्ध द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं, हालांकि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

लंबे समय से चोर गिरोह सक्रिय, पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग

# जेसीबी-कार का पाइप काटकर 50 लीटर ईंधन पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



शहर के वार्ड क्रमांक 21 में बीते एक वर्ष से लगातार हो रही डीजल-पेट्रोल चोरी की घटनाओं ने वाहन मालिकों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा घटना गुरुवार तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब अज्ञात चोर ने घर के सामने खड़ी जेसीबी और कार का पाइप काटकर लगभग 50 लीटर डीजल और पेट्रोल पार कर दिया।

वार्ड क्रमांक 21 निवासी हरवेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि उनके घर और आसपास के इलाकों में पिछले एक वर्ष से लगातार इस तरह की चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोर देर रात से तड़के के बीच सक्रिय रहता है और वाहन खड़े होने का फायदा उठाकर डीजल-पेट्रोल निकालकर फरार हो जाता है। बताया जा रहा है कि इस बार चोर ने जेसीबी और कार के पाइप को काटकर ईंधन निकाला। घटना का पता सुबह तब चला जब वाहन मालिकों ने गाड़ियों की स्थिति देखी। पाइप कटे होने और टंकी खाली होने से स्पष्ट हुआ कि रात में चोरी की गई है। अनुमान है कि करीब 50 लीटर डीजल-पेट्रोल चोरी हुआ है। स्थानीय लोगों के ⏭ शेष पेज 4 पर

## मिलावटी अंग्रेजी शराब बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** होली पर्व को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोनहत पुलिस ने मिलावटी अंग्रेजी शराब बनाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री और शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे तथा एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना सोनहत के थाना प्रभारी विनोद पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम होली ड्यूटी के दौरान पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम ओरगई स्थित एक मकान में दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान आरोपी नीलेश कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम अमहर थाना पटना को अंग्रेजी शराब में स्प्रिट और पानी मिलाकर उसकी मात्रा बढ़ाते हुए पकड़ा गया। आरोपी इस मिलावटी शराब को बिक्री के लिए तैयार कर रहा था। पुलिस ने मौके से लगभग 9.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, करीब 100 खाली शराब की बोतलें, विभिन्न कंपनियों के ढक्कन, दो सूजा, एक ट्यूब का टुकड़ा तथा 1 लीटर की 10 पानी की बोतलें जब्त की हैं। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 7,500 रूपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 38 (क), 49 (क) और 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगे जांच जारी है।



## आज चावल उत्सव के साथ मनेगा रोजगार और आवास दिवस




**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 मार्च को रोजगार दिवस, चावल महोत्सव और आवास दिवस का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले की सभी 162 ग्राम पंचायतों में कल यानी 7 फरवरी को कार्यालय ग्राम पंचायत तथा मनरेगा कार्यस्थलों पर रोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों और श्रमिकों को विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले आवास दिवस का प्रमुख उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में लाभ पाने के लिए जागरूकता बढ़ाना तथा निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का समाधान करना है। जनपद स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में इस आयोजन को अनिवार्य रूप से संपन्न कराया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर पक्का मकान उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीण हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी क्यूआर कोड स्कैन प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर श्रमिक और ग्रामीण विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इस संयुक्त आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों को विकसित भारत-जी राम जी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाना होगा। उन्होने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। आवास दिवस के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन करते हुए नए स्वीकृत आवासों के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे तथा आवास निर्माण से जुड़ी तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## स्वच्छता दीदियों ने किया टीआई का सम्मान

**डोमनहिल।** नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई से प्रभावित क्षेत्र के स्वच्छता दीदीयों ने होली के दूसरे दिन थाने पहुंचकर थाना प्रभारी का सम्मान के साथ पुलिस के अपने कर्तव्य के प्रति कर्तव्य निष्ठा हेतु आभार व्यक्त किया पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण मजबूत हुआ है और आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास भी लगातार बढ़ रहा है।

■ नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई से शांति एवं सुरक्षा का वातावरण मजबूत हुआ

थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तथा बेहतर कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर शुक्रवार को लगभग 50 की संख्या में स्वच्छता दीदीयों ने थाना परिसर पहुंचकर थाना प्रभारी का तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान स्वच्छता दीदीयों ने पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार, असामाजिक तत्वों तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई की सराहना की। स्वच्छता दीदीयों ने कहा कि पुलिस की सक्रिय कार्रवाई से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने में भी मदद मिल रही है। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी स्वच्छता दीदीयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी इसी प्रकार सख्ती के साथ जारी रहेगा और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास करती रहेगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नशे के कारोबार या कानून व्यवस्था से संबंधित जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उस पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जा सके।



## जिला स्तरीय महिला खेल स्पर्धा का आयोजन कल

**मनेन्द्रगढ़।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार 8 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छग राज्य के बालिका एवं महिलाओं को खेल के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, शतरंज (इंडोर एवं आउटडोर गेम्स) को शामिल किया गया है। जिसमें आयु सीमा 12 वर्ष से ऊपर की बालिकाएं एवं महिलाएं भाग ले सकती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 8 मार्च प्रातः 10 से स्वामी आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ खेल मैदान में किया जाना है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।





# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style



# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्योहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्योहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



*बच्चन परिवार की होली पार्टी :* बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

*मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :* शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली।** देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।

*शोले :* बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

*दामिनी :* इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



*कबीर सिंह :* शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

*डर :* यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

*मिर्जापुर :* इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

*पद्मावत :* संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

*कटी पतंग :* राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया होली का महापर्व

**सोनहत।** स्थानीय मुख्यालय सहित आसपास के सभी वनांचल ग्रामों में होली का महापर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष होलिका दहन के अगले दिन चंद्रग्रहण होने के कारण होली का त्यौहार बुधवार को मनाया गया, जिससे खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व का उत्साह कुछ प्रभावित नजर आया। इसके बावजूद युवाओं और बच्चों में पूरे दिन जबरदस्त उत्साह बना रहा। मुख्यालय सहित ग्राम कटगोड़ी में फाग गीत प्रतियोगिताओं का रंगारंग आयोजन किया गया, जिससे पूरे अंचल में होली का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। लोगों ने पारंपरिक गीतों, रंग-गुलाल और आपसी मेल-मिलाप के साथ पर्व को यादगार बना दिया।

### भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन



**सोनहत।** मुख्यालय में 5 मार्च को जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थानीय आर्यन पेट्रोल पंप ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें मनोज त्रिपाठी, संदीप साहू (कटगोड़ी) सहित चरचा, पटना और बैकुंठपुर से आए अतिथियों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, युवा, पार्टी पदाधिकारी, पत्रकार, मीडिया कर्मी तथा मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का परिचय देते हुए फाग गीतों और रंगों के साथ होली का जश्न मनाया। कार्यक्रम के अंत में जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल ने सभी जनप्रतिनिधियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ के रेंजर कुर्रे सेवानिवृत्त




**मनेन्द्रगढ़।** वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी रामसागर कुर्रे 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में 2 मार्च 2026 को वनमंडल मनेन्द्रगढ़ के सभागार में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ चंद्र कुमार अग्रवाल, एसडीओ, विभिन्न वन परिक्षेत्रों के रेंजर, तथा सूरजपुर, अंबिकापुर, बलरामपुर और कोरिया वनमंडल के अधिकारी-कर्मचारी एवं परिवारजन काफी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम से हुई। सहकर्मियों ने श्री कुर्रे को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके लंबे सेवाकाल और योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया। वनमंडलाधिकारी चंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि रामसागर कुर्रे का सेवाकाल अनुकरणीय रहा है। उन्होंने वन संरक्षण, वन प्रबंधन और विभागीय कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाया। श्री अग्रवाल ने कहा कि विभाग को ऐसे अनुभवी और समर्पित अधिकारी की कमी हमेशा महसूस होगी, लेकिन उनका अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग की मजबूती उसके कर्मचारियों की लगन और ईमानदारी से तय होती है। उन्होंने अपने कार्यकाल में यह साबित किया है। वन विभाग परिवार उनकी सेवा, समर्पण और योगदान के लिए सदैव आभारी रहेगा।

## धूमधाम से मना त्यौहार, बच्चों में खासा उत्साह

# जमकर उड़े रंग-गुलाल, मस्ती में डूबे रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**



बुराई पर अच्छाई की जीत और रंगों का पर्व होलिकोत्सव समूचे कोरिया और एमसीबी जिले में पारंपरिक आयोजनों के बीच पूरे उमंग व उत्साह के बीच मनाई गई। 4 मार्च होली के दिन शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे, युवा और बुजुर्गो सहित सभी ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। बच्चे एवं युवाओं ने डीजे के धून पर जमकर थिरके और सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाया। वहीं महिलाओं ने भी घर-घर में अपनी सखी-सहेलियों पर रंग उड़ेला। बच्चों में खासा उत्साह देखते ही बन रहा था। किसी भी राह चलते व्यक्ति को पिचकारी की मार से सराबोर कर रहे थे।

प्रातः होते ही नन्हें-मुन्ने बच्चे पिचकारी लेकर सड़कों पर घूमते नजर आने लगे वे पिचकारी के साथ मुखौटा लगाए तथा हाथ में रंग-गुलाल लिए धमा चौकड़ी मचाते रहे। होली पर्व पर पुलिस द्वारा 3-4 मार्च से ही जिले एवं ग्रामीण अंचल में पुलिस गश्त तेज कर दी थी। जिसमें पुलिस बल के जवानों द्वारा हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों पर पुलिस बल बड़ी मुस्तैदी के साथ तैनात किए गए थे, जिससे कि होली खेलने वाले हुड़दंगी किसी प्रकार का उपद्रव ना कर पाएं। पुलिस विभाग द्वारा रंगपंचमी पर अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए शहर के सभी चौराहों व मुख्यमार्गों पर सख्त पहरा लगाया गया था।

### होली मिलन समारोह, स्वास्थ्य मंत्री हुए शामिल



**कोरिया कॉलरी।** रंगों का पर्व होली प्रेम, अपनापन और एकता का संदेश देता है। इसी भावना के साथ गोदरीपारा स्थित चौपड़ा हाउस में समर्थ सेवा समिति के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक होली भजन, गीत और नृत्य से हुई। रंगों और संगीत से सराबोर माहौल में उपस्थित महिलाओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। होली गीतों की धुन पर स्वास्थ्य मंत्री और महापौर भी खुद को नृत्य करने से नहीं रोक पाए और सभी के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इसके बाद पारंपरिक मिठाइयों का वितरण किया गया और लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की अध्यक्ष रीता आइच, सचिव कंचन जायसवाल, प्रमिला देवी, अपर्णा पाल, कजरीश श्रीवास्तव, सविता सिंह, शिखा श्रीवास्तव, सुनीता कश्यप, उषा शिवहरे, रेणु, कंचन ठाकुर, मीरा ठाकुर, बरनाली भट्टाचार्या, किरण जोल्हे, बिंदु शर्मा, उर्मिला लाहरे, कोमल सोनवानी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## रंग, उमंग और भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाई गई होली



**चरचा कॉलरी।** रंगों का पर्व होली नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र सहित आसपास के कॉलरी इलाकों में पूरे उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मोहल्लों, चौक-चौराहों और कॉलरी बस्तियों में होली की रौनक देखने को मिली। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर लोग जमकर झूमे और पूरे दिन क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। होली के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा तथा अपने मित्रों के साथ जमकर होली खेली। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। माहौल पूरी तरह उत्सवमय रहा और लोगों ने हंसी-खुशी के साथ इस पर्व की खुशियां साझा कीं। वहीं नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने भी नगर पालिका कर्मचारियों तथा अपने पुराने मित्रों के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए होली का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर त्योहार की बधाई दी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव द्वारा सांई पार्क में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में काफी संख्या में युवा, पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के दौरान डीजे की धुन पर युवाओं और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। पूरा सांई पार्क रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की खुशियां साझा कीं और पूरे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भी युवाओं ने टोली बनाकर होली खेली और एक-दूसरे के घर पहुंचकर रंग-गुलाल लगाया। बाजारों में भी सुबह से चहल-पहल देखने को मिली, जहां रंग-गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही। पुलिस प्रशासन भी होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

# कोरिया मिलेट्स कैफे से बदली 31 महिलाओं की किस्मत

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

### पीएम मोदी ने भी की है समूह की महिलाओं से चर्चा
### महिला सशक्तिकरण के लिए बना प्रेरणादायक



**जीवटता, जुनून ने दी पहचान**

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि जिले की महिलाओं में जीवटता और जुनून है। कोरिया मिलेट्स कैफे इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां की स्वच्छता, स्वादिष्ट और सेहतमंद भोजन-नाश्ते ने कम समय में इसे अलग पहचान दिलाई है। निश्चित ही यह कैफे अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक बन रहा है।

कोरिया जिले के कलेक्टरेट परिसर में संचालित कोरिया मिलेट्स कैफे आज महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल बन चुका है। महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित इस कैफे में 31 महिलाएं मिलकर स्वादिष्ट और सेहतमंद मिलेट्स आधारित व्यंजन तैयार कर रही हैं। अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण यह कैफे लोगों की पसंदीदा जगह बन गया है। यहां कार्यरत अधिकांश महिलाएं अब लखपति दीदी के रूप में भी पहचान बना चुकी हैं।

वर्ष 2023 में डीएमएफ की सहायता से शुरू हुए इस कैफे में कोदो शाही खीर, ज्वार का गुलाब जामुन, कोदो उपमा, रागी चीला, बाजरा चीला, ज्वार चीला, ज्वार पकोड़ा, बाजरा डोसा, ज्वार पराठा, कोदो कर्ड राइस, कोदो फ्राइड राइस, मिलेट्स पनीर चिल्ली और मिलेट्स मंचूरियन जैसे कई प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किए जाते हैं। कोरिया मिलेट्स कैफे की खास बात यह है कि यहां विभिन्न धर्म, वर्ग और जाति की महिलाएं मिलकर कार्य कर रही हैं। कैफे में कार्यरत सुश्री हिना ने बताया कि कैफे शुरू करने से पहले उन्होंने रायपुर में 18 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें मिलेट्स से बनने वाले विभिन्न व्यंजनों को बनाना सिखाया गया। इसके बाद उन्होंने सरगुजा, महासमुंद, कोरबा और मुंगेली-बिलासपुर में भी सात दिवसीय प्रशिक्षण देकर अन्य महिला समूहों को प्रशिक्षित किया।

**करीब 62 लाख रुपए का हुआ शुद्ध लाभ-** अब तक करीब 32 महीनों में कोरिया मिलेट्स कैफे ने लगभग 1 करोड़ 65 लाख रुपए का कारोबार किया है, जिसमें से 62 लाख रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। जिले में आयोजित राज्योत्सव और कोरिया महोत्सव जैसे आयोजनों में भी इस कैफे के स्टॉल लगाए जाते हैं, जहां लोगों को मिलेट्स से बने व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलता है। वहीं अगस्त 2025 में महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कोरिया मिलेट्स कैफे की महिलाओं से बातचीत कर उनके कार्यों की सराहना की थी। हाल ही में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरिया महोत्सव के दौरान यहां बने व्यंजनों का स्वाद लिया और महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की।

**होलिका दहन के अगले दिन टूटी रूढ़िवादिता की परंपरा**

# बेटी तन्वी ने दी मां को मुखाग्नि

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



होली के पर्व के बीच मनेन्द्रगढ़ में एक ऐसा भावुक और प्रेरणादायक दृश्य सामने आया जिसने समाज को एक बड़ा संदेश दे दिया। एक दिन पहले पूरे शहर में आस्था और परंपरा के साथ होलिका दहन किया गया था, लेकिन उसके अगले ही दिन आमाखेरवा मुक्तिधाम में एक बेटी ने समाज की रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ते हुए अपनी मां को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि बेटियां भी हर जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम हैं। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष तपन मुखर्जी की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती विजया मुखर्जी का उपचार के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। गुरुवार को उनके वार्ड क्रमांक 16 स्थित निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में परिजन, मित्र और क्षेत्रवासी शामिल हुए। सभी की नम आंखों के बीच अंतिम यात्रा आमाखेरवा मुक्तिधाम पहुंची। मुक्तिधाम में उस समय माहौल अत्यंत भावुक हो गया, जब उनकी पुत्री तन्वी मुखर्जी ने आगे बढ़कर अपनी मां के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभाली। परंपरागत मान्यताओं को तोड़ते हुए तन्वी ने अपनी मां को मुखाग्नि दी और पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न कराया। यह क्षण वहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए भावुक करने वाला था। मां के प्रति बेटी का यह अटूट प्रेम और साहस देखकर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। कई लोग इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे। वहीं समाज के लोगों ने तन्वी के इस साहसिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हैं।

# रेत विवाद मामले में युवक की मौत पर जांच की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पसोरी के पास बरने नदी में रेत लेने गए ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का गंभीर मामला सामने आया है। मृतक के परिजन और साथियों ने पुलिस कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मार्च की सुबह करीब 6 बजे सोनू चक्रधारी अपने साथी सूरज, गोलू, भारत, मेहता, निखिल और रामनाथ के साथ ट्रैक्टर में बैठकर बरने नदी रेत लेने पहुंचे थे। सुबह लगभग 8 बजे चौकी दरसिल्ला से जुड़े दो पुलिसकर्मी एक सिविल व्यक्ति के साथ मौके पर पहुंचे और रेत ले जाने को लेकर पूछताछ की। बताया गया कि रेत आवास निर्माण के लिए ली जा रही थी, जिस पर पुलिस ने अवैध रेत चोरी का आरोप लगाया। आरोप है कि इसी दौरान एक पुलिसकर्मी ट्रैक्टर पर चढ़कर उसे स्टार्ट कराने लगा। विरोध करने पर सोनू चक्रधारी के साथ धक्का-मुक्की हुई और डंडे से मारपीट की गई। शिकायत के अनुसार पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर को मध्यप्रदेश ले जाने की धमकी दी और कथित रूप से 20 हजार रूपए की मांग भी की। इसी बीच गांव के सरपंच पति मौके पर पहुंचे और बात करने की कोशिश की, जिसके बाद सोनू ट्रैक्टर लेकर गांव की ओर लौटने लगा। आगे आरोप है कि कुछ दूरी पर पीछे से आए पुलिसकर्मियों ने फिर से सोनू पर हमला किया, जिससे वह ट्रैक्टर से गिर पड़ा।

# जीवन में सपनों की हकीकत बनकर आया पीएम आवास



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत भांड़ी में रहने वाले ऐसे ही एक वंचित परिवार के लिए उनका पक्का आवास अब उनके सपनों की हकीकत हो चुका है। कोरिया के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भांडी में रहने वाली श्रीमती जलकी रानी अपने पति दुलार साय और दो लड़के और दो लड़कियों यानी कुल चार बच्चों के साथ एक कच्चे मकान में जीवन-यापन कर रही थीं। मिट्टी की दीवारें, बारिश के दौरान टपकती खपरैल और हर बिगड़ते मौसम में बच्चों की सुरक्षा की चिंता यही उनकी रोजमर्रा की सच्चाई बन चुकी थी। बरसात में घर के भीतर पानी भर जाता, गर्मी में तपती छत और सर्दी में ठंडी हवाएं दैनिक जीवन संघर्ष में परिवार की परेशानियां और बढ़ा देती थीं। इस वंचित परिवार की आय का मुख्य स्त्रोत मजदूरी है। इस परिवार के दैनिक जीवन में आशा की एक नई किरण के रूप में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्के घर की स्वीकृति मिली। यह उनके लिए किसी सपने के सच होने से कम नहीं थी। स्वीकृति मिलने के बाद जलकी रानी और दुलार साय ने पूरे मन से घर बनाने का कार्य शुरू किया और मनरेगा में काम करने से नब्बे दिन की मजदूरी राशि को भी अपने घर निर्माण में लगाया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जेसीबी-कार का...

अनुसार चोर आमतौर पर रात 2 से 4 बजे के बीच ही वारदात को अंजाम देता है। वह अपने साथ झोला या डब्बा लेकर चलता है, जिसमें ईंधन भरकर ले जाता है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद अब तक चोर पुलिस की पकड़ से दूर है, जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी और भय का माहौल है। वार्ड के लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं एक वर्ष से अधिक समय से हो रही हैं, लेकिन अभी तक चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, इससे वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। पीड़ित हरवेन्द्र कुमार दुबे और क्षेत्रवासियों ने सभी वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों को रात में सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें और समय-समय पर जांच करते रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि रात 2 से 4 बजे के बीच कोई संदिग्ध व्यक्ति झोला या डब्बा लेकर घूमता दिखाई दे तो उस पर विशेष ध्यान दें और तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों या पुलिस को दें। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से भी मांग की है कि रात के समय गश्त बढ़ाई जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और लंबे समय से सक्रिय चोर को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। लगातार हो रही इस चोरी की घटनाओं से वार्ड के लोग सतर्क हो गए हैं और अब सामूहिक रूप से निगरानी की तैयारी भी कर रहे हैं।

# अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज. वेस्ट चिरमिरी।**




कोरबा प्रक्षेत्र के गेवरा में आयोजित एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 2025-26 में चिरमिरी क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण अवार्ड जीतने पर मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निजी माइंस सहित कुल 48 टीमों ने भाग लिया। पहली बार चिरमिरी क्षेत्र की महिला टीम ने भी इस प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता को ए,बी एवं सी तीन चरणों में विभाजित किया गया था। टीम ए में चिरमिरी क्षेत्र के विश्वजीत भौमिक को बेस्ट कैप्टन का पुरस्कार मिला, वहीं चिरमिरी क्षेत्र को बेस्ट स्ट्रेचर ड्रिल में प्रथम पुरस्कार और ओवरऑल प्रैक्टिकल वाईवा में प्रथम रनर अप का पुरस्कार मिला। प्रथम बार प्रतियोगिता में भाग ले रही महिला टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, किंतु कुछ पॉइंट्स की कमी से पुरस्कार पाने से वंचित हो गई। ग्रुप बी का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एसईसीएल डायरेक्टर (मानव संसाधन) वीरंची दास थे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य महाप्रबंधक चिरमिरी क्षेत्र अशोक कुमार ने शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रीजनल हॉस्पिटल के डॉक्टर एसईसीएल के पूर्व कर्मचारी हबीब खान जिन्होंने प्रतिभागियों की तैयारी में सक्रिय योगदान दिया था। चिरमिरी क्षेत्र के हेड कोच सीनियर ओवरमैन सुशांत घोष, सहायक कोच सीनियर ओवरमैन ख्वाजा शहंशाह अली को भी सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि चिरमिरी क्षेत्र के इन प्रतिभागियों ने सचमुच गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है,ये सभी बधाई के पात्र हैं।

### राष्टीय सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत होगी परीक्षा

**मनेन्द्रगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी द्वारा राष्टीय सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसई) के अंतर्गत परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधी विज्ञप्ति जारी की गई है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जारी जानकारी के अनुसार केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राष्टीय सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 2 मई को किया जाएगा। इस परीक्षा में चयनित कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रतिमाह 1000 रूपए की छात्रवृत्ति केन्द्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थियों द्वारा ऑफलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 7 वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक (एससी-एसटी वर्ग के लिए 5 प्रतिशत की छूट) होना आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थी के माता-पिता अथवा पालक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 3.50 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

स्वामी जी 9340638884




नेपाल विदेश यात्रा
मुक्तिनाथ टेम्पल, 108 धारा, गंडकी नदी (शालीग्राम पत्थर)
जनकपुर (सीता माता जन्म स्थान),
आयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), लुम्बिनी, काठमांडू,
बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर,
डेविड फॉल, विध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी
यात्रा दिनांक: 01 अप्रैल 2026, 07 मई 2026, 21 मई 2026, 03 जून 2026, 03 सितम्बर 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 25,500/- ऑफर ₹ 23,500/- 3AC ₹ 38,500/- ऑफर ₹ 34,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा
14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di – Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त